हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 परिषद की पहली बैठक में 64 करोड़ का कार्य कराने ...



14 हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में गूंजे श्रीराम के ...



## खबर संक्षेप

### खपरी में अंबेडकर जयंती कल

**अंवरी।** ग्राम खपरी(कुम्हारी) में 14 अप्रैल को सर्व समाज द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के लोक गायक यशवंत सतनामी का कार्यक्रम होगा। सर्वप्रथम भारत के संविधान की प्रस्तावना का पठन, पंथी नृत्य, कार्यकर्ता सम्मान, अतिथियों का उद्बोधन होगा। तैयारी में रूपेंद्र बघेल, ताराचंद बघेल, कामदेव बघेल, विनोद बघेल, जयचंद, इतवारी बघेल, नीरज बघेल, द्वारका कुर्रे और नरेश डिगरे जुटे हैं।

### आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 15 अप्रैल से

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए, बी.कॉम, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्राओं तथा एमए, एमएससी, पीजीडीसीए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं की प्रथम सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 15 से 24 अप्रैल तक आयोजित की गई है।

### महापौर का अभिनंदन समारोह 14 को

**धमतरी।** जिला हिन्दी साहित्य समिति द्वारा नवनिर्वाचित महापौर जगदीश रामू रोहरा के अभिनंदन में सम्मान समारोह का आयोजन 14 अप्रैल को दोपहर 3 बजे साहित्य भवन म्युनिस्पिल स्कूल के पीछे धमतरी में किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती कौशिल्या देवांगन सभापति नगर पालिक निगम करेंगी। विशिष्ट अतिथि योगेश लाल पार्षद रिसाईपारा पश्चिम, श्रीमती पूर्णिमा गजानंद रजक, पार्षद नयापारा वार्ड, सुरजीत नवदीप सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि एवं संरक्षक धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति होंगे। जिले के सभी साहित्यकारों से उपस्थिति की अपील सचिव डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने की है।

## एक आवेदन ऐसा भी जिसमें युवक ने मांगी शादी के लिए दुल्हन

# सुशासन तिहार में पौने दो लाख से ज्यादा आवेदन

**कहां कितने आवेदन**

| | |
|---|---|
| जपं धमतरी | 42388 |
| जपं कुरूद | 39044 |
| जपं मगरलोड | 42329 |
| जपं नगरी | 46565 |
| नपानि धमतरी | 3887 |
| नपं नगरी | 2874 |
| नपं आमदी | 891 |
| नपं कुरूद | 1444 |
| नपं मगरलोड | 1779 |
| नपं भखारा | 2811 |

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुशासन तिहार में जिला प्रशासन को 1 लाख 84 हजार 12 आवेदन मिले हैं। इन आवेदनों के बीच एक ऐसा आवेदन है, जिसमें चर्चा का बाजार गर्म है। नगरी क्षेत्र के ग्राम अमाली के युवक रजमन ध्रुव ने मुख्यमंत्री से शादी के लिए वधु दिलाने की मांग की है। रजमन की मांग से अधिकारी भी पशोपेश में हैं कि वे इस आवेदन को किस प्रकार हैंडल करें।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार ने सुशासन तिहार का आयोजन किया है। इसके तहत शहर से लेकर गांव तक 8 से 11 अप्रैल तक लोगों से आवेदन लिए गए। हर पंचायत, सरकारी दफ्तर सहित अन्य स्थानों पर समाधान पेटी लगाई गई थी। समाधान पेटी में लोगों ने अपनी मांग और शिकायतें आवेदन के रूप में डाली हैं। इसके अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी विभिन्न गांवों में सुशासन तिहार का आयोजन कर आवेदन लिया। पूरा सरकारी अमला केवल इसी काम में जुटा हुआ है। इसका रिजल्ट भी अच्छा आ रहा है। अंतिम तिथि तक सुशासन तिहार के तहत जिला प्रशासन को कुल 1 लाख 84 हजार 12 आवेदन मिले हैं। सर्वाधिक आवेदन ऑफलाइन मोड में 1 लाख 69 हजार 765 मिले हैं। 14 हजार 247 आवेदकों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। सुशासन तिहार का यह पहला चरण था। इन आवेदनों की पोर्टल में एंट्री की जाएगी। दूसरे चरण में इन आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इसके बाद तीसरे चरण में गांव से लेकर शहर तक सुशासन तिहार का आयोजन कर लोगों को उनके आवेदन के निराकरण की जानकारी दी जाएगी।



**रजमन की अनोखी मांग**

अमाली के रजमन ध्रुव ने मुख्यमंत्री से विवाह के लिए वधु की मांग की है। इसके अतिरिक्त शादी की व्यवस्था करने की भी गुहार लगाई है। रजमन ने बताया कि वह अकेला रहता है। माता-पिता की मौत हो चुकी है। ऐसे में उसे जीवन संगनी की सख्त आवश्यकता है। उसने बताया कि 10 साल से वह शादी के लिए लड़की ढूंढ रहा है। आसपास पूरा क्षेत्र छान मारा लेकिन किसी ने उसे विवाह के लिए लड़की नहीं दी। अब तो उम्र भी ज्यादा होने को है।

**सर्वाधिक मामले आवास के**

सुशासन तिहार के तहत मिले आवेदनों में ज्यादातर आवेदन मांग से संबंधित है। जानकारी के अनुसार 1 लाख 84 हजार 12 आवेदन में से 1 लाख 80 हजार 660 आवेदन विभिन्न प्रकार की मांगों से संबंधित हैं। ज्यादातर आवेदन पीएम आवास की मांग से हैं। पेंशन, आबादी जमीन सहित अन्य प्रकार की मांग भी आई है। वहीं शिकायत से संबंधित आवेदन 3 हजार 352 आए हैं।

# कार की टक्कर से दो बाइक सवार हुई घायल, रिफर



**एनएच में चिटौद के पास हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल हाईवे से होते हुए चारामा की तरफ जा रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल युवकों को रायपुर रिफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम कठौली निवासी पंकज साहू पिता पवन उम्र 23 वर्ष व जयप्रकाश साहू पिता धर्मेन्द्र उम्र 28 वर्ष ग्राम नारी थाना कुरूद निवासी शुक्रवार की रात्रि धमतरी होते हुए बाइक से चारामा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे में ग्राम चिटौद के पास पुरूर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कोडा कार क्रमांक सीजी 04 पीवाय 3902 के चालक ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। कार की ठोकर से सवार दोनों युवक बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरे। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान व डोमन साहू एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंच गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुरूर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को रक्तदान एम्बुलेंस व संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां गंभीर चोट को देखते हुए डाक्टर ने घायलों को रायपुर रिफर कर दिया। बताया गया है कि घटना के समय कार को कोई महिला चला रही थी। बहरहाल पुरूर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# बीस फीट तक गिरा शहर का वाटर लेवल

- गर्मी शुरू होते ही मोटरपंप देने लगे जवाब, पानी का प्रेशर हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर का वाटर लेवल तेजी से नीचे जा रहा है। कई वार्ड ऐसे हैं, जहां पर वाटर लेवल 20 फीटे तक नीचे चला गया है। कई घरों में नलकूप लगा हुआ है। सबसे ज्यादा परेशानी इन्हीं घरों में हो रही है। मोटरपंप में पाइप उतारने के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है।

गर्मी शुरू होते ही मोटर पंप जवाब देने लगे हैं। नगर निगम द्वारा अधिकांश मोटर पंपों में पाइप डाली गई है। इससे पानी का प्रेशर कम हो गया है। मोटरपंप को ज्यादा गहराई से पानी खींचना पड़ रहा है जिसके चलते पानी कम आ रहा है। अब तक किसी नलकूप के सूखने की खबर नहीं आई है, लेकिन पानी की किल्लत जरूर शुरू हो गई है। बनियापारा, चमेली चौक, मोटर स्टैंड वार्ड में पानी की किल्लत है। गोकुलपुर, मकेश्वर वार्ड और बठेना वार्ड में जलस्तर 20 फीट नीचे चला गया है। स्थिति यह है कि कई लोगों के नलकूप से पानी नहीं आ रहा है। पानी आ भी रहा तो फोर्स काफी कम हो गया है, जिससे लोगों की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार शहर के अधिकांश वार्डों में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की सप्लाई हो रही है। इस कारण लोगों को वाटर लेवल की स्थिति के बारे में जानकारी नहीं है। जहां पर मोटरपंप से सप्लाई हो रही है, वहां पर समस्या गहराने लगी है।



## पांच दिन तक बादल गरजने, तेज हवा और बारिश की संभावना

**धमतरी।** पश्चिम विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक मौसम खराब रहेगा। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कश्मीर घाटी और आसपास के क्षेत्र में समुद्रतल से 5.8 किमी ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण देखा जा रहा है। वहीं पूर्वोत्तर मध्यप्रदेश और उसके आसपास के क्षेत्र में चक्रवाती परिसंचरण छग होते हुए पूर्वी तेलगांना तक 0.9 किमी की ऊंचाई पर एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। रविवार को दी गई चेतावनी में कहा गया है कि बादल गरजने, तेज हवा चलने के साथ बारिश हो सकती है। आगामी चार दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। वहीं अगले पांच दिनों तक मेघ गर्जन, तेज हवा, हल्की बारिश की संभावना है। 14 अप्रैल से बादल के गरजने की गतिविधियां बढ़ सकती हैं।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

# नगरी क्षेत्र के युवक ने धमतरी में लगाई फांसी

- परिचित के यहां आया था

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

परिचित के यहां धमतरी पहुंचे नगरी क्षेत्र के युवक ने अज्ञात कारणों से घर की छत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस के अनुसार नगरी क्षेत्र के ग्राम मोदे निवासी भरतलाल नगारची पिता जवाहरलाल उम्र 25 वर्ष अपने परिचित रूद्री रोड स्थित कैलाशपति नगर निवासी कुंदन ठाकुर के घर आया था। युवक ने शुक्रवार की रात्रि छत पर रखी पानी टंकी में लगे ओवरफ्लो की पाइप में कपड़े का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह मकान मालिक ने घटना की जानकारी होने पर रूद्री पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच शव को नीचे उतार पंचनामा की कार्रवाई में जुट गई। वहीं सूचना पर समाजसेवी शिवा प्रधान व हुमन साहू रक्तदान एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पहुंचे। शव को जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी में शिफ्ट कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। रूद्री पुलिस मर्ग कायम कर आगे की जांच कर रही है।



# अम्बेडकर जयंती पर कल निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

संविधान निर्माता बाबा भीमराव अम्बेडकर जयंती पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। 14 अप्रैल सुबह 9 बजे अम्बेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा जिसके बाद शोभायात्रा अंबेडकर चौक से रत्नाबांधा चौक, मकई चौक, सदर बाजार होते हुए बिलाईमाता मंदिर पहुंचेगी। तत्पश्चात दानीटोला स्थित बौद्ध महासभा भवन में शोभायात्रा का समापन होगा। रैली में भारतीय बौद्ध समाज, आदिवासी समाज एवं सतनामी समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा में नजर आएंगे। वहीं पंथी नृत्य और आदिवासी नृत्य, रेलापाटा शोभायात्रा को आकर्षक बनाएंगे। भवन में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके अलावा सभी समाज मिलकर भारतीय संविधान पर विचार चिंतन, संगोष्ठी करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। अध्यक्षता बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष पालनहार मेश्राम करेंगे। अन्य अतिथि कौशिल्या देवांगन, जीवराखन मरई, अज्जु देशलहरे, प्रकाश सिन्हा, भावसिंग डहरे, गेवाराम नेताम, आशीष रात्रे, चंद्रकांत कुर्रे, महेश रावटे, माधवसिंह ठाकुर, जयपाल ठाकुर, श्यामलाल नेताम होंगे।



## नपं भखारा के टैंकर और स्थानीय लोगों की मदद से बुझाई गई आग

# पावर हाउस में रखे पुराने मीटर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

नगर पंचायत भखारा स्थित बिजली आफिस में उस वक्त हड़कंप मच गया जब बिजली आफिस के पावर हाउस में अचानक भयानक आग लग गई। आग की लपटों ने पावर हाउस में रखे पुराने मीटर को जलाकर खाक कर दिया। स्थानीय लोगों और नगर पंचायत के सहयोग से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। नगर पंचायत के पानी टैंकर से आग बुझाई गई। आग पावर हाउस में लगे ट्रांसफॉर्मर के पास नहीं फैली वरना बड़ा हादसा हो सकता था। शनिवार की शाम तकरीबन 6.30 बजे कनिष्ठ अभियंता छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के पीछे पॉवर हॉउस में चिंगारी निकली और देखते ही देखते ही चिंगारी के साथ धुआं फैलने लगा और वहां रखे पुराने मीटर को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। चूंकि मीटर कार्टून में बंधा हुआ था इसलिए आग की लपटें और फैलने लगी। भखारा स्थित बिजली आफिस मुख्य राजमार्ग किनारे होने की वजह से लोगों की भीड़ लग गई थी।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पावर हाउस में लगी आग से बीच-बीच में ब्लास्ट होने की आवाज भी आ रही थी।

सूचना मिलते ही नगर पंचायत से टैंकर और स्थानीय लोग बाल्टी से पानी लेकर बुझाने की कोशिश कर रहे थे तब तक लाइट बंद कर दी गई थी। इस संबंध में सहायक यंत्री छत्तीसगढ़ स्टेट पावर लिमिटेड भखारा सीमा ठाकुर ने बताया कि

सब स्टेशन के भीतर रखे बगैर उपयोग हुए वाले तकरीबन 700-800 पुराने मीटर जलकर खाक हो गए हैं। आग कैसी लगी अभी बता पाना मुश्किल होगा। शार्ट सर्किट की वजह से आगजनी नहीं हुई है। आगजनी से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है।





**खबर संक्षेप**

## सुशासन तिहार में चिटफंड कंपनी के निवेशकों को जमा पैसा दिलाने की मांग की



**सांकरा।** छत्तीसगढ़ अभिकर्ता एव उपभोक्ता सेवा संघ नगरी ब्लाक के सहसचिव चन्दन लाल साहू ने मुख्यमंत्री सुशासन तिहार में चिटफंड कंपनी मुद्दा को शामिल कर निवेशकों को न्याय दिलाते हुए जमा पैसा को अतिशीघ्र वापस दिलाने की मांग की है। उन्होंने आगे बताया कि नगरी क्षेत्र के 41218 निवेशकों ने विभिन्न कंपनी में 86,60,51942 रुपए जमा किया है। सभी कंपनी ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की अनुमति से अपना रजिस्ट्रेशन कराकर पूरे छत्तीसगढ़ में कारोबार का संचालित किया। फिर अचानक 2014/15 में शासन प्रसाशन द्वारा सभी कंपनी के रजिस्ट्रेशन को रद्द कराकर चिटफंड घोषित कर दिया गया। जमा पैसा नहीं मिलने से लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पटवारी ने आवेदन भरने में की मदद



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 12 में छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा चलाए जा रहा सेवा सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत हितग्राहियों की सुविधा प्रदान करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर के निर्देशन पर वार्ड पार्षद रजिन्दर रंधावा के प्रयास से पटवारी प्रकाश तिरसुनिया को बुलाकर मौके पर ही लोगों का निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र व नजरी नक्शा को तुरंत फॉर्म भरकर हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के लिए कार्य किया गया।

## शराब पीने की सुविधा देते पकड़ाया होटल संचालक

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत नेताजीपल्ली बांदे निवासी सुब्रत मंडल पिता सुकुमार को पुलिस ने होटल में शराब पीने की सुविधा देते हुए पकड़ा। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि आरोपी अपने होटल में लोगो को शराब पीने के लिए अवैध ढंग से सुविधा दे रहा है। पुलिस ने 11 अप्रैल को छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी के होटल में बदिस दिया, जहां आरोपी अपने होटल के पीछे शराबियों को खाने पीने की सुविधा मुहैया करा रहा था। आरोपी के कब्जे से महुआ शराब और डिस्पोजल गिलास को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## अज्ञात कारणों से महिला की मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत राजोबाई पदमाकर का अज्ञात कारणो से 11 अप्रैल को मौत हो गया। क्षरियापारा कांकेर निवासी धरमूराम पदमाकर ने पुलिस को बताया कि मृतिका की मानसिक स्थिति खराब था। बिना बताए घर से कही चली गई थी। दूध नदी के किनारे पेड़ के पास मृत अवस्था में पड़ी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

## शराब के नशे में खाया गया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत 20 वर्षीय प्रेमसिंह उईके ने अज्ञात कारणो के चलते जहर खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैलने के कारण उसका 11 अप्रैल को मौत हो गया। नवागढ़ निवासी 45 वर्षीय भखरन उईके ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने का आदि था। शराब के नशे में अज्ञात कारणो के चलते जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

सुशासन तिहार में ग्रामीणों ने शिकायत और मांगों से संबंधित 574 आवेदन दिए

# पेयजल, आवास, शौचालय और महतारी वंदन की राशि की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश अनुसार सुशासन तिहार 8 से 11 अप्रैल तक मनाया गया। कुरूद ब्लाक अंतर्गत सिर्री क्षेत्र के गांवों में भी इसका असर देखा गया। बीजेपी सरकार ने गांवों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों को सरकार के पास या संबंधित विभाग के समक्ष अपनी बातों को रखने के लिए मांग या शिकायत पत्र के रूप में 11 अप्रैल तक मौका दिया। ग्रामीण अपनी विभिन्न मूलभूत समस्याओं को लेकर बढ़चढ़ कर सामने आए और अपने मांगों की लिस्ट तैयार कर दी।

ग्राम पंचायत सिर्री के पंचायत भवन में शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ग्रामीणों की भीड़ मांग पत्र भरने उमड़ी रही। 8 अप्रैल को आवेदन की स्थिति शून्य रही। 9 अप्रैल को 16 आवेदन, 10 अप्रैल को 152 आवेदन आए। वहीं अंतिम दिवस 11 अप्रैल को सबसे अधिक 406 आवेदन प्राप्त किए। कुल 574 आवेदन में 571 मांग पत्र है और 3 शिकायत पत्र जमा किए गए। सिर्री में प्रधानमंत्री जल जीवन के अंतर्गत घरों में कनेक्शन तो दिया जा चुका है लेकिन वह सिर्फ नाम का रह गया है। पानी की सप्लाई गांव के आधे से भी अधिक आबादी तक नहीं पहुंचती है। लोग हैंडपंप, सौर ऊर्जा से चल रही पानी टंकी से डिब्बे, बोतल आदि में साइकिल या मोटरसाइकिल से दूर -दूर जाकर पानी भरते हैं। पानी की सप्लाई प्रत्येक घर के कनेक्शन में दुरुस्त कराने की मांग रखी गई। इसके अलावा सिर्री में पंच एवं ग्रामीणों ने सीसी रोड, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, महतारी वंदन की अप्राप्त राशि, उज्ज्वला योजना, आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने नियमितीकरण की मांग, श्री कलश स्व-सहायता समूह ने अतिरिक्त राशन दुकान की मांग, दर्री तालाब की सफाई, अंधियार खोर तालाब का गहरीकरण, सीसी रोड एवं मोहल्ले में सौर ऊर्जा चलित पानी टंकी का निर्माण, राधाकृष्ण मंदिर में बोर खनन जैसी दर्जनों मांगों को लेकर ग्रामीणों ने मांग पत्र भरा और पावती प्राप्त की। भूमिहीन कृषि मजदूर लोगों ने भी साय सरकार से वित्तीय सहायता प्रदान करने की मांग की है। जनता अब यही आस लगाए बैठी है कि उनकी मांगों को अब बीजेपी सरकार जल्द ही पूरा करेगी।

# प्रधानमंत्री आवास की राशि नहीं मिली

- ग्रामीणों ने मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल से संबंधित आवेदन दिए
- जिपं अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत सांकरा में स्टालों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में शुरू हुए राज्यव्यापी सुशासन तिहार के तीसरे दिन भी लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन किए। ग्रामीण आवास, स्वास्थ्य सहायता, मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, आवास, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दे रहे हैं। शासन द्वारा सुशासन तिहार में अपनी मांगों को रखना और भी आसान बनाया गया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, सरपंच नागेश बोरझरिया, अध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति गिरवर भडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, जनक साहू, अजब सिं,ह जय कुमार, भूषण साहू, ओम ने भी आवेदन किए। सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में होगा । पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी प्रीति दुर्गम ने बताया कि करीब 13838 आवेदन आए हैं। गांव- गांव में विभिन्न समस्या को लेकर आवेदन लोगों ने अपने मुख्यालय में किया किया है।आवेदनों को संबंधित विभाग में भेज दिया गया है। दूसरे चरण में उन आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

# भाजपा के कार्यकर्ता जनसेवा के लिए समर्पित हैं : अजय

- गांव चलो, घर-घर चलो अभियान में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री





भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत 6 अप्रैल स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती तथा सेवा पखवाड़ा 25 अप्रैल तक मनाया जा रहा है।

गांव चलो घर घर चलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत खर्रा में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर शामिल हुए। विधायक ने इस दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जनसेवा के लिए समर्पित हैं। ग्राम खर्रा में आयोजित तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान राम के चरित्र को जीवन में उतारने की बात कही। मनुष्य जीवन को सुख, दुख हर परिस्थिति में समभाव से जीवन जीने और भगवान श्रीराम जैसा आदर्श स्थापित करने का संदेश दिया। मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन से इस बात को सीखा जा सकता है कि राम का एक तरफ राजतिलक होना था तब भी वे अति उत्साही ही नहीं थे और सुबह होते ही उनको वनवास की सूचना हुई तो भी वे अति दुखी भी नहीं हुए ।मानव जीवन में उतार-चढ़ाव की परिस्थिति का सामना करने का सामर्थ्य होना चाहिए।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जनपद पंचायत सभापति चंचल चंद्रशेखर साहू, जनपद सदस्य मनीषा साहू, डॉ लोकेश साहू भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष, पुष्पेंद्र साहू, देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, थानेश्वर तारक पूर्व सरपंच, सरपंचगण केशरी ध्रुव, विजय रात्रे, शिवराम श्रीहोल संकरी सरपंच, देशांत सिन्हा सरपंच सिर्री, संजीत साहू सरपंच चिंवरी, योगेश साहू संकरी, नरेंद्र ध्रुवंशी सोसाइटी अध्यक्ष, हेमलाल यादव, त्रिलोचन साहू, बजरंग दल के पदाधिकारी अमित साहू, टेमन साहू, तिजऊ, गोपाल, देवी, सुखचंद, उत्तम, पंचराम, भूपेन्द्र व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# प्रथम अरोरा शिक्षण केंद्र में जल मितानों को दिया प्रशिक्षण



- 12 जल उद्यमियों को प्रमाण-पत्र, जैकेट एवं टूल किट दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ यूनिसेफ के अधिकारियों एवं केंद्रीय, सीएफओ, बॉस स्पेशलिस्ट द्वारा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कुरूद का विजिट और 2022- 23 में यूनिसेफ के माध्यम से प्रथम अरोरा शिक्षण केंद्र कुरूद में जल मितानों का प्रशिक्षण सम्पन्न कराया गया। धमतरी जिले से कुल 40 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। इनमें से 12 प्रशिक्षणार्थियों को जल उद्यमी के रुप में मुख्यमंत्री द्वारा प्रमाण- पत्र, जैकेट एवं टूल किट दिया गया। जल उद्यमी के रूप में ग्राम स्तर पर कार्यरत 5 जल उद्यमी से यूनिसेफ की टीम रूबरू हुई और उनके अनुभवों को सुना साथ ही प्लंबिंग लैब एंड इलेक्ट्रिकल लैब का भी विजिट किया।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से राज्य कॉर्डिनेटर डॉ विद्यासागर चौहान, दिनेश बोरसे, कुरूद क्लस्टर प्रमुख मोतीलाल देवांगन, दुलेश्वर साहू, हरेश साहू, भोज साहू उपस्थित थे।

# मरीज की आंखों से 2 एमएम का पत्थर निकाला



- पीएचसी चटौद में कुम्हारी की महिला मरीज की आंखों का हुआ बेहतर इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चटौद में एक मरीज की आंखों से 2 एमएम का पत्थर निकाला गया। मरीज ढीला बाई सतनामी उम्र 72 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हारी की आखों में दो सप्ताह से 2 एमएम का पत्थर घुसा हुआ था जिनके कारण आंखों में सूजन व दर्द के साथ कीचड़ आ रहा था। अन्य हॉस्पिटल में दिखाने के बाद भी आंखों की तकलीफ ठीक नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चटौद (नेत्र रोग विभाग) में नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी को दिखाया गया। डाक्टर ने मरीज की आंखों की बारीकी से जांच कर 2 एमएम के पत्थर को निकाला। आंखों को अच्छे से वाश किया गया। मरीज को निःशुल्क दवाई दी गई। आंखों का अच्छे से इलाज होने पर मरीज ने नेत्र चिकित्सक, स्टॉफ का आभार व्यक्त किया।

# बच्चों को जंक फूड की बजाय घर का ताजा भोजन, फल, दूध दें

- कपालफोड़ी में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



ग्राम कपालफोड़ी में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। सेक्टर की पर्यवेक्षक श्रद्धा गौतम ने बताया कि कुपोषण क्या है, और इसका प्रबंधन हमें कैसे करना है। उन्होंने पालकों से निवेदन किया कि अपने बच्चों को बंद पैकेट का खाद्य पदार्थ जैसे कुरकुरे, नड्डा चिप्स न दिलवाएं, क्योंकि इसका घातक परिणाम देखने को मिल रहा है। जंक फूड की बजाय घर का ताजा भोजन, फल, दूध, अंकुरित अनाज, विटामिन सिरफ विभाग द्वारा प्रदत्त रेडी टू ईट एवं प्रोटीन पावडर दें। यह भी बताया कि छोटे बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए दिनभर में कम से कम 5 बार पौष्टिक आहार देना चाहिए। इसके साथ ही स्वच्छता, स्तनपान, ऊपरी आहार पर चर्चा की गई। सरपंच हेमिन साहू ने पालकों को उपलब्ध आहार लेने के लिए जागरूक किया एवं कुपोषित बच्चों को देखरेख की जिम्मेदारी व्यक्ति विशेष को दी गई। आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा साहू, कुंती देवदास, इंद्राणी साहू का विशेष योगदान रहा।

# जन-जन तक विकास की रोशनी पहुंचे : पूजा



- ग्राम हथबंद में गांव चलो घर-घर चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

प्रदेश संगठन व विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में गांव चलो घर घर चलो अंतर्गत कुरूद विधानसभा के ग्राम हथबंद में ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, वक्ता श्रीमती पूजा साहू ने पीएम आवास के हितग्राहियों के घर पहुंचकर बातचीत की। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान पेटी में अपनी समस्याओं व मांगों को रखने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से अपील की। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी बढ़ोत्तम साहू, जगत राम साहू, भंवर लाल साहू, रमेश देवांगन, दुलेश्वर साहू, श्रीमती हुलसी साहू, श्रीमती चित्रलेखा साहू, श्रीमती कविता साहू, नारद साहू, थनेंद्र साहू, अक्तू राम, श्रीमती लक्ष्मी, श्रीमती त्रिवेणी, श्रीमती सुमन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मोतियाबिंद मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन एमजीएम अस्पताल रायपुर में होगा

# 40 लोगों की आंखों की हुई जांच, 15 में मोतियाबिंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री





ग्राम सिर्री के बाजार चौक में हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में यज्ञ हवन पूजन किया गया। सार्वजनिक लंगर का आयोजन हुआ। मौके पर जसबीर सिंह गुरुदत्ता प्रदेश अध्यक्ष जनसंघ सेवक मंच छत्तीसगढ़ के सहयोग से एमजीएम रायपुर के आंख के अस्पताल द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया जो सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित हुआ। मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। आंखों की विभिन्न स्थितियों को देखकर पावर चश्मा प्रदान किया गया। मौके पर लगभग 40 मरीजों ने अपनी आंख का परीक्षण कराया। डॉक्टर समृध्या द्वारा चिकित्सीय परामर्श दी गई। स्टाफ की प्रशस्ति शर्मा, पूजा हंस ने आंखों का परीक्षण कर चश्मा प्रदान किया। सिर्री में 15 मरीज मोतियाबिंद के निकले जिन्हें 17 अप्रैल गुरुवार को निःशुल्क ऑपरेशन हेतु अस्पताल के वाहन से ही एमजीएम अस्पताल रायपुर भेजा जाएगा। यहां मरीजों के रहने, खाने के साथ ही घर वापस लाने तक वाहन की व्यवस्था की जायेगी। ऑपरेशन हेतु मरीज को मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और राशन कार्ड की फोटोकॉपी जमा करा पंजीयन किया जा चुका है। सिर्री में 17 अप्रैल को पुनः निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया जायेगा।

# बजरंग मानस मंडली ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिर्री के बजरंग मानस मंडली के तत्वावधान में गांव के ईष्टदेव गड़भेड़ा बाबा मंदिर परिसर के समीप बने हुए हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पुरोहित रामनाथ शर्मा द्वारा विधिवत यज्ञ, हवन, पूजन व आरती की गई। यजमान के रूप में दो दंपति भूपेंद्र साहू एवं नारद सेन अपनी पत्नी के साथ पूजा में शामिल हुए। भगवान हनुमान का श्रृंगार कर भोग लगाया गया। हवन, आरती पश्चात खीर पूड़ी बांटी गई। इस अवसर पर बजरंग मानस मंडली अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, कलीराम ध्रुव सचिव, टापेश्वर देवांगन कोषाध्यक्ष एवं सदस्य रोहित निर्मलकर, संतोष साहू,खिलेश साहू, संदीप सिन्हा, अरुण विश्वकर्मा, पोषण तारक, महेश पटेल मौजूद थे।

## अंचल की खबरें


### भठेली में मना हनुमान जन्मोत्सव



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 10 स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर जन्म उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। मौके पर युगेश कुमार, सीताराम, रविशंकर, सचिन, नवलसिंग सोन, केदार राम, घनश्याम समेत बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### खर्रा में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा





**सिर्री।** ग्राम खर्रा में इस वर्ष भी श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव 10 से 12 अप्रैल तक मनाया गया। 10 अप्रैल को नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ ही हनुमंत श्रृंगार पश्चात भक्तों द्वारा अखंड रामायण पाठ किया गया। 11 अप्रैल को शाम 5 बजे गांव में डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान हनुमान एवं श्रीराम के भजनों में भक्तगण नाचते झूमते नजर आए। 11 अप्रैल को मुख्य अतिथि के रूप में अजय चंद्राकर कुरूद विधायक उपस्थित हुए। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही। हनुमान जन्मोत्सव पर विधिवत हवन पूजन किया गया। भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस आयोजन में खर्रा के श्रीराम हिंदू परिवार के सदस्य एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### पूर्व विधायक ने त्रुटि सुधार के लिए दिए आवेदन



**अंवरी।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं व सुझाव के लिए 8 से 11 अप्रैल तक चौपाल लगाई गई। सुशासन तिहार के तहत आवेदन करने के आखिरी दिन 11 अप्रैल को कुरुद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने नगर पंचायत भखारा द्वारा लगाई गई चौपाल में पहुंचकर अपनी कृषि भूमि में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन दिया। पूर्व विधायक ने आवेदन में जिक्र किया है कि ग्राम-भठेली में स्थित उनकी कृषि भूमि खसरा क्रमांक 485 पूर्व में इनका खसरा क्रमांक 355, रकबा 14 डिसमिल था जबकि बंदोबस्त में त्रुटिवश खसरा क्रमांक 485 के रकबे को 14 डिसमिल के स्थान पर 2 आरए 5 डिसमिल कर दिया गया है जिसे सुधारकर पुराने रिकार्ड के अनुसार 14 डिसमिल किया जाए। इस दौरान नगर पार्षद मेघनाथ साहू समेत अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### केरेगांव में खुला प्याऊघर



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत कुकरेल के वार्ड क्र. 6 प्रवीण साहू पंच के काम्पलेक्स में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरपंच ओंकार नेताम, उपसरपंच अशोक यादव, संतोष यादव, गिरधारी सिन्हा, फूलजी साहू, धर्मेन्द्र नेताम समेत अनेक ग्रामवासी मौजूद थे।

### 23 पौवा अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**कुरुद।** ग्राम नारी में पेट्रोल पंप के पास अवैध रुप से शराब बेचने वाले आरोपी से कुल 23 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 2300 रुपये, बिक्री रकम 360 रुपये जब्त कर कुरुद पुलिस ने धारा 34 (1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कुरूद पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम नारी के पेट्रोल पंप के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर रेड की कार्रवाई कर आरोपी प्रकाश सोनकर पिता पंचूराम सोनकर उम्र 25 वर्ष ग्राम नारी के कब्जे से एक थैले के अंदर 23 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की गई। उक्त कार्रवाई में सउनि कमिलचंद सोरी, आरक्षक त्रिवेंद्र सिरमोर, राजेश बंजारे की भूमिका रही है।

### नगर पालिका का दर्जा दिलाने की पहल के साथ बजट में चार गुना हुई बढ़ोतरी

# परिषद की पहली बैठक में 64 करोड़ का कार्य कराने प्रस्ताव पारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत कुरुद में अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की अगुवाई वाली परिषद ने कुरुद को नगर पंचायत से नगर पालिका का दर्जा दिला इसके लिए नई जगह पर नया दफ्तर बनाने के साथ शहर के लिए कुछ बड़ा करने का इरादा रख पहली ही बैठक में पिछले साल के मुकाबले इस बार बजट में करीब चार गुना इजाफा करते हुए 19 बिंदुओं में चर्चा कर सबकी रायशुमारी से 64 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का प्रस्ताव पारित किया है। शुक्रवार को नगर पंचायत के सभाकक्ष में हुई परिषद की पहली बैठक में कुरूद को नगर पालिका बनाने और नगर को समृद्धशाली बनाने सहित 19 बिंदुओं वाले प्रस्ताव की परिषद ने रायमशविरा कर मंजूरी दी है। तेजी से विकसित हो रहे नगर की जरुरत के अनुरूप वर्तमान निकाय कार्यालय को व्यावसायिक प्रयोजन के लिए तैयार कर नई कृषि मंडी के पास करीब साढ़े तीन एकड़ भूमि पर नगर पालिका स्तर का नया कार्यालय तैयार करने संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजने का प्रस्ताव पारित किया।

बैठक में अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, सीएमओ महेंद्र गुप्ता, सभापतिगण मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, पार्षदगण रजत चन्द्राकर, मनीष साहू, मंजु साहू, उत्तम साहू, उर्वशी चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, अर्जुन ध्रुव, राखी चन्द्राकर, इंजीनियर बीआर सिन्हा सहित विभाग के कर्मचारी सम्मिलित हुए।

#### भूमिहीन गरीब परिवारों को आवास बनाकर देने का प्रस्ताव

वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर की सलाह से गत वर्ष की तुलना में करीब चार गुना बढ़ोतरी कर 64 करोड़ कर दिया गया है जिसमें नया बाजार में हाट बाजार पसरा, पार्किंग स्थल बनाने बाजार से लगी मंडी की जमीन को निर्धारित शुल्क जमा कर नगर पंचायत के आधिपत्य में लेने, मुर्गा मटन दुकान को नियम शर्तों के साथ अन्यत्र भेजने, मुक्तिधाम से पोस्टमार्टम हाउस को हटाकर सिविल अस्पताल कैम्पस को सौंपने, नगरीय क्षेत्रान्तर्गत निवासरत भूमिहीन गरीबों को आवास बनाकर देने केन्द्र सरकार से एवं राज्य शासन से बिजली पोल एवं अधोसंरचना मद की राशि मांगने का प्रस्ताव पर पक्ष विपक्ष के पार्षदों ने सहमति की मुहर लगाई।

#### परिषद ने नगरोत्थान के लिए दिखाया सकारात्मक रवैया

परिषद ने 3.50 करोड़ की लागत से रोड निर्माण एवं बिजली पोल लगाने, सौंदर्यीकरण के लिए चौक चौराहों, खेल मैदानों एवं सार्वजनिक स्थलों को फिर से सुंदर बनाने, जाति सत्यापित एवं जमीन-दुकानों का नामांतरण करने संबंधी प्राप्त आवेदन का अनुमोदन किया गया। लेकिन थोक मंडी को नया बाजार से हटाकर दूसरी जगह ले जाने की बात पर सहमति नहीं बनने पर इस मामले को आगे के लिए टाल दिया गया। सीएमओ ने बताया कि नगरोत्थान योजना के तहत कुरुद का कायाकल्प करने परिषद ने सकारात्मक रवैया दिखाया है। नगर में यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए रोड साइड एवं अन्य स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जल्द शुरू की जाएगी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ मानस सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम भूमका में इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव समारोह मनाया गया। सुबह 9 बजे से हनुमान चबूतरा में पूजा-अर्चना की गई। मुख्य अतिथि अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी थे। अध्यक्षता श्रीमती सतरूपा नेताम सरपंच हिर्रीडीही भूमका ने की। विशेष अतिथि मयाराम मरकाम अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति भूमका, विशेष अतिथि मनोहर दास मानिकपुरी, भाजपा मंडल बेलरगांव अकबर कश्यप, श्रीमती संगीता ठाकुर उपसरपंच, चेतन सिंह, रामेश्वरी मरकाम सरपंच ग्राम पटेल भूमका, दुर्गेश कश्यप पूर्व उसरपंच, अमरसिंह कश्यप मार्गदर्शक, प्रकाशचंद साहू पंच, गंगाराम मरकाम पंच, शारदा मरकाम पंच ,परमीन साहू पंच, भारत भूषण ठाकुर, चेतन, नरेश मरकाम, मोहन मरकाम के उपस्थिति में मानस सम्मेलन प्रारंभ हुआ। मानस मंडलियों ने अपने-अपने ढंग से भगवान श्रीराम और उसके दूत हनुमान का वर्णन किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी नाथ नेताम, विकास साहू, पुष्पेंद्र साहू, नरेंद्र नाग, खिलेश कुमार, सरोज, टिकेश्वर कश्यप, रोशन विश्वकर्मा, सौरभ साहू, जिगर साहू, सुरेंद्र, राकेश मरकाम, अहिल्याबाई साहू, योगिता साहू, शांति बाई साहू, विमला साहू, भुवनेश्वरी नाग, मानकी कश्यप, गीता बाई कश्यप, शान्ति सिन्हा का योगदान रहा।

## किष्किंधा कांड का पाठ करने से सुख समृद्धि आती है : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



श्री शिव मानस मंडली करेली बड़ी द्वारा रामचरित्र मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर ने मानसगान सम्मेलन में पहुंचे। उन्होंने रामचरित्र मानस से लोगों को सीखने और जीवन में उतारकर उसके बताए मार्ग में चलने कहा। उन्होंने रामचरित्र मानस के किष्किंधा कांड के प्रसंग के बारे में बताया कि लगातार 5 साल तक इसका पाठ किया जाए तो खोया हुआ राजपाठ और सुख समृद्धि वापस आ जाती है। उन्होंने आगे कहा कि करेली बड़ी का विकास लगातार होगा। इसकी रफ्तार कम नहीं होगी। मौके पर जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, महामंत्री संतोष सोनी, जनपद सदस्य हसदा राजेश साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, डेमू साहू, कृपाराम साहू, कोमलराम साहू, रामदयाल साहू, पदुमलाल साहू, जितेश्वर साहू, महेंद्र साहू, शिवकुमार राव, तिलक साहू, दुलारवा, दयालु, मुकेश सिन्हा, मनीष साहू, सुखित साहू, लेखराम साहू, जीवन साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### कौहाबाहरा में सुशासन तिहार मना

**नगरी।** ग्राम कौहाबाहरा में सुशासन तिहार मनाया गया। समस्या एवं मांग को लेकर ग्राम पंचायत में 784 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी श्यामा चरण मंडावी, बूथ अध्यक्ष भूषणलाल मरकाम, प्रेम सिंह मरकाम, बूथ अध्यक्ष राजेश्वर नेताम, रामप्रसाद मरकाम, विनोद नेताम, महादेव नेताम, प्रकाश नेताम, रमेश मंडावी, सहदेव नेताम, इतवारिन बाई, तीजिया बाई, राजो बाई, दुर्गा बाई समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बच्चे नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों के साथ ज्ञानवर्धक मनोरंजन खेल सीख रहे

- बिरगुड़ी में संस्कार समर कैंप का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपसेवा केंद्र बिरगुड़ी में तीन दिवसीय संस्कार समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में शैक्षिक व सांस्कृतिक विकास करना है। समर कैंप के शुभारंभ अवसर पर नगरी सेंटर की राजयोगिनी बीके भावना, बीके फुलेश्वरी सहित संस्था के सदस्यों की उपस्थिति में बच्चों में नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों के विकास के साथ ज्ञानवर्धक मनोरंजन खेल, योग, प्राणायाम के साथ जीवन में खुशियों व उत्साह के संचार करने सार्थक पहल की गई। समर कैंप में ग्राम के कक्षा पांचवीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग लेकर इसका लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर बीके भावना ने कहा कि बच्चे घर से दूर सुरक्षित माहौल में नए रोमांच की कोशिश करते हैं और नई बातें ओर नई चीजें सीखते हैं। इस तरह उनमें स्वतंत्रता की भावना विकसित होती है। वे नए दोस्त भी बनाते हैं और सामाजिक मेलजोल बढ़ाते हैं, जिससे उनके सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास का विकास होता है। समर कैम्प के माहौल में बच्चों को एक सुरक्षित और परवरिश के माहौल में गुणकारी जोखिम उठाने का अवसर मिल सकता है।

## इंटरनेशनल पावर लिफ्टिंग में धमतरी के खिलाड़ियों का दिखा दम, झटके गोल्ड मेडल



- लौटने पर दोनों खिलाड़ियों का बस स्टैंड में हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल पावर लिफ्टिंग में धमतरी के खिलाड़ी देवेंद्र यादव मास्टर वर्ग में एवं ओमप्रकाश निषाद सीनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ से भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दोनों ही खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

देवेंद्र यादव ने सबसे ज्यादा वजन भार उठाकर मास्टर स्ट्रांग मेन इन एशिया का खिताब अपने नाम किया। वहां से लौटने पर दोनों खिलाड़ियों को बस स्टैंड धमतरी में माल्यार्पण तिलक वंदन एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

मौके पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, संरक्षक सत्यवान यादव, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, व्यायाम शिक्षक गिरीश गजपाल, क्रीड़ा सचिव टिकेश्वर निर्मलकर, क्रीड़ा भारती महामंत्री ननकू महाराज, राकेश वैद्य, गंगा सिन्हा, शिवनारायण छाटा, अखिलेश सोनकर, कुलेश सोनी, संतोष सोनकर, सतीश जगताप, भागवत यादव, दीपक देवांगन, नंदू लोधी, सोहन यादव, रामेश्वर यादव, विनोदराव रणसिंह, राजा जाचक, सूरज छाटा, सुशांत पवार, मनोज यादव, प्रमोद यादव, खुशहाल यादव, भरत देवांगन, रोहित सोनकर समेत अनेक लोगों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## जिला ब्राम्हण समाज की कार्यकारिणी घोषित

- जिला महिला, युवा शाखा एवं मीडिया प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारियों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला ब्राम्हण समाज की बैठक लोकेश कुमार पांडेय के निवास में आयोजित की गई जिसमें कार्यकारिणी सदस्यों का विस्तार किया गया। संरक्षक प्रोफेसर डॉ. चंद्रशेखर चौबे, अध्यक्ष राकेश दीवान, उपाध्यक्ष मदनलाल शर्मा एवं देवकांत द्विवेदी, महासचिव विनोद कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार पांडेय, सहसचिव डॉ. प्रदीप शर्मा मार्गदर्शक मंडल में गोपाल प्रसाद शर्मा, राधेश्याम मिश्रा, डॉ. अनंत दीक्षित, राधेश्याम शर्मा, जानकी प्रसाद शर्मा, सनत कुमार शर्मा, रघुबीर प्रसाद पांडेय, होमन प्रसाद शास्त्री, ललित प्रसाद शर्मा, रामदत्त शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद श्रोती शामिल हैं।

उपसमिति प्रमुख में जिला महिला शाखा श्रीमती पूजा मिश्रा, युवा शाखा शुभांक मिश्रा, पुरोहित शाखा अतुल तिवारी, कोचिंग शाखा घनश्याम शर्मा, विधि सलाहकार रवि दाते एडवोकेट, ज्योतिष शाखा चंद्रशेखर शर्मा, मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्रा, पर्यावरण प्रभारी शत्रुघ्न पांडेय, संगीत समिति अरविंद मिश्रा, कर्मचारी समिति दीपक शर्मा, योग एवं स्वास्थ्य समिति राजेश तिवारी एवं साख समिति कृपाशंकर मिश्रा, भवन निर्माण समिति राजेश शर्मा, अशोक मिश्रा, रोहिताश मिश्रा, मुकेश पांडेय, जयप्रकाश झा, नागेंद्र शुक्ला, राकेश दीवान, विनोद कुमार पांडेय एवं लोकेश कुमार पांडेय हैं।

कार्यकारिणी सदस्यों में राजकुमार मिश्रा, दीप शर्मा, पद्माकर वाईकर, भूषण शार्दुल, संतोष दीवान, संजय शुक्ला, सुनील शर्मा, अनिल पांडेय, बसंत त्रिवेदी, राम अवतार शर्मा, अवधेश पांडेय, युवराज शर्मा, शैलेंद्र दीवान, संतोष मिश्रा, सुश्री जानकी तिवारी, श्रीमती आशा श्रोती, श्रीमती हेमलता शर्मा, श्रीमती ममता मिश्रा, मुरलीधर दीवान, भानुप्रताप तिवारी, हैग्रीव प्रसाद शर्मा, जगजीवन मिश्रा, मुरलीधर पांडेय, अजय शर्मा रुद्री, शिवदत्त उपाध्याय, अनूप मिश्रा, अयोध्या प्रसाद पांडेय शामिल किए गए हैं। कौशल्या माता समिति एवं बिटिया सम्मान समिति की घोषणा बाद में की जायेगी। यह जानकारी मीडिया प्रमुख देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

## एनएसयूआई ने राजीव भवन में 55वां स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) का 55वां स्थापना दिवस राजीव भवन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर की गई। इसके पश्चात एनएसयूआई का ध्वजारोहण कर संगठन को नमन किया गया।

अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, जनपद सदस्य दुर्गेश नंदनी साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुंजाम, नगर निगम पार्षद विशु देवांगन एवं आकाश सिन्हा थे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्र संगठन की भूमिका, युवा नेतृत्व और सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को छात्रों की समस्याओं के प्रति जागरूक और सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि एनएसयूआई का यह स्थापना दिवस छात्र हित, सामाजिक समरसता और युवाओं की ताकत को समर्पित रहा।

कार्यक्रम का संचालन एनएसयूआई के प्रदेश सचिव पारसमणि साहू और आभार प्रदर्शन सिहावा विधानसभा अध्यक्ष अरविंद यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वातांजलि गोस्वामी, ओमप्रकाश मानिकपुरी, नोमेश सिन्हा, चितेंद्र साहू, विवेक कतलाम, उमेश साहू, फैजल, यश यादव, तेजप्रताप साहू, राकेश नेताम, चैतन्य साहू, राहुल साहू, शेखर दास, वेंकटेश, प्रेम मंडावी, सुदीप सिन्हा, योगेश, धर्मेंद्र पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर भारतीय बौद्ध महासभा ने किया आयोजन

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 120 लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर शनिवार को भारतीय बौद्ध महासभा एवं सर्व अनुसूचित जाति जनजाति समाज के संयुक्त प्रयास से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 120 मरीज लाभान्वित हुए। मरीजों का रक्त, शुगर लेवल, बीपी, हीमोग्लोबीन सहित विभिन्न जांच की गई । जांच पश्चात दवाई एवं चिकित्सकीय सलाह डाक्टरों ने दी। जिलाध्यक्ष पालनहार मेश्राम ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का आयोजन लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से किया गया था। बाबा साहेब के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का यही उचित तरीका है। श्री मेश्राम ने बताया कि बाबा साहेब की 134वीं जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है। पहले दिन शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा। 13 अप्रैल रविवार को बच्चों के लिए निबंध, चित्रकला, रंगोली, प्रश्नोत्तरी, मेहंदी लगाओ आदि कार्यक्रम होंगे। महिलाओं के लिए रस्साकसी, कुर्सी दौड़, कलश दौड़ होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम, एकल सामूहिक नृत्य होगा।

14 अप्रैल को सुबह 9 बजे अंबेडकर चौक जोधापुर में बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर त्रिशरण और पंचशील का पाठ किया जाएगा। इसके बाद सभी समाज के सहयोग से रैली निकाली जाएगी जो अंबेडकर चौक से रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक, सदरबाजार, रामबाग, बिलाईमाता होते हुए अंबेडकर मंगल भवन दानीटोला में समाप्त होगी। स्वास्थ्य शिविर में डा. खिलेंद्र दीवान, उमाकांत वैद्य, चितेश्वरदास मानिकपुरी, उमा ध्रुव, ललित ठाकुर, सुधा साहू, संगीता साहू, खिलेश्वरी चंद्रवंशी, वसीम खान ने अपनी सेवाएं दी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी श्रवण रंगारे और खमेंद्र कुटारे ने दी है।



## खबर संक्षेप





### रेस्ट हाउस के पास बनेगा इंडोर-आउटडोर साईंस पार्क

■ प्रभारी सचिव रेणु पिल्ले पहुंची गंगरेल, लिया जायजा

**धमतरी।** प्रदेश की अपर मुख्य सचिव एवं धमतरी जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले ने अपने धमतरी प्रवास के दौरान पंडित रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध पहुंची। इस दौरान गंगरेल बांध स्थित रेस्ट हाउस के पास बनने वाले इंडोर और आउटडोर पार्क का अवलोकन किया। बताया गया कि इंडोर पार्क में म्यूजियम स्थापित किया जाएगा, जिसमें साईंस संबंधी 40 प्रकाश की सामग्री लगाई जायेगी। आउटडोर साईंस पार्क में 25 प्रकार के एक्यूपमेंट होंगे। इंडोर और आउटडोर साईंस पार्क के बन जाने से न केवल पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहेगा, बल्कि विद्यार्थियों को विज्ञान संबंधी जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, एडीएम श्रीमती रीता यादव, ईई आरईएस आर.राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### रोहित को अनुकंपा नियुक्ति एवं राधा को मिली उपादान की राशि



**धमतरी।** जिले के मगरलोड अंतर्गत ग्राम छिपली निवासी रोहित राज को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि रोहित राज को पंचायत सचिव के पद पर 3 वर्ष की परीक्षा अवधि पर अनुकंपा व्यक्ति दी गई है। श्रीमती श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद पंचायत मगरलोड में दो माह की अवधि के लिए उन्मुखीकरण हेतु आगामी आदेश पर्यंत नियुक्ति दी गई। इसके अलावा सीईओ श्रीवास्तव द्वारा रोहित राज की मां श्रीमती राधा देवी साहू को 6 लाख 98 हजार 01 रुपये की उपादान राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। मौके पर चंदन टंडन लेखा अधिकारी जिला पंचायत धमतरी उपस्थित थे।

## भक्तों ने हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का किया पाठ

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में गूंजे श्रीराम के जयकारे









■ हवन-पूजन, महाआरती के बाद भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शनिवार को अंचल में हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। मंदिरों में जय श्रीराम के जयकारे गूंजे। भक्तों ने दिनभर हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, हनुमान राम रक्षा स्त्रोत, हनुमान अष्टक, बजरंग बाण, राम स्तुति आदि का पाठ किया। दिनभर निर्जला उपवास रखकर भगवान श्रीराम व हनुमान जी की आराधना की। मंदिरों में सुबह से ही भगवान के दर्शन के लिए भीड़ लगी रही। सभी मंदिरों में दोपहर के बाद जन्मोत्सव मनाया गया। इससे पूर्व हनुमान जी का पंचामृत, जल, दूध, सात नदियों के पवित्र जल से अभिषेक किया गया। सिंदूर अभिषेक के बाद श्रृंगार किया गया। पूजा पाठ के बाद हवन हुआ। मनोकामना आहूति डालने मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। हवन पूजन के बाद दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव का संयोग बना है। हनुमान जी के साथ शनिदेव महाराज की पूजा हुई। शहर के प्रमुख श्रीराम जानकी मठमंदिर में स्थापित हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव की धूम रही है। सुबह से ही हजारों भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रोहिताश मिश्रा ने बताया कि सुबह 7 बजे से हनुमान जी का रूद्राभिषेक, 10 बजे हवन, दोपहर 12 बजे प्राकट्य महाआरती, राजभोग, दर्शन लाभ, 1 बजे से 108 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। शाम 6.30 बजे सुंदरकांड पाठ, रात 8 बजे महाआरती, महाभोग, दर्शन लाभ, प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर पं .हनुमंत महाराज ने सभी कार्यक्रम मंत्रोच्चार से संपन्न कराया। इस अवसर पर अनूप मिश्रा, पप्पू लोहाना, प्रीतेश गांधी, रितेश मिश्रा, गिरीश भाई, दिलीपराज सोनी सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

पुराना बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुबह से रात तक कार्यक्रम आयोजित हुए। पं. खेमराज तिवारी ने बताया कि सुबह 7 बजे प्रथम पूजा, 10.30 बजे श्रृंगार पूजा, दोपहर 12 बजे छप्पन भोग, आरती, शाम 7 बजे महाआरती, खीर प्रसादी का वितरण हुआ। दोपहर 12 से 5 बजे तक भंडारा का आयोजन किया गया।

इतवारी बाजार स्थित किले के श्री हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ट्रस्ट के विपिन पवार, पुजारी पं. सुरेश शास्त्री ने बताया कि सुबह महाआरती, श्रृंगार, दोपहर 56 भोग, हवन पूजन, प्रसादी वितरण हुआ।

इसी तरह शहर के मां विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में स्थापित हनुमान मंदिर, रामबाग स्थित हनुमान मंदिर, रूद्री स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, नहरपार महिमासागर वार्ड स्थित हनुमान मंदिर, शीतला मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर, नहरनाका चौक स्थित हनुमान मंदिर, सिहावा चौक स्थित हनुमान मंदिर, रायपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर, दानीटोला स्थित हनुमान मंदिर, पालीटेक्निक कालेज स्थित हनुमंत धाम, राममंदिर स्थित हनुमान मंदिर, रिसाई चौक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर सहित वार्डों में स्थापित हनुमान मंदिर व पंडालों में प्रतिमा विराजित कर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## शिक्षा समाज की उन्नति की कुंजी : कविता

■ डोमा में यादव समाज भवन में कांक्रीटीकरण एवं टाइल्स कार्य का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



यादव समाज डोमा के तत्वाधान में सामुदायिक भवन में कांक्रीटीकरण एवं टाइल्स कार्य का लोकार्पण कविता बाबर सदस्य जिला पंचायत के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच गुंजन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि फागेश्वरी राजेश साहू सदस्य जनपद पंचायत धमतरी थीं। समाज की महिलाओं द्वारा कलशयात्रा निकाली गई। तत्पश्चात श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

ज्ञात हो कि श्रीमती बाबर ने अपने मद से कांक्रीटीकरण एवं टाइल्स निर्माण हेतु राशि उपलब्ध कराई है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यादव समाज श्रीकृष्ण के वंशज एवं गौ माता के सेवक रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाते हैं। यह समाज आज हर क्षेत्र में प्रगति का नया सोपान तय कर रहा है। आगे कहा कि वर्तमान में कोई भी समाज तभी तरक्की कर सकता है जब बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए। समाज में व्याप्त कुरीतियों का त्याग करें।

कार्यक्रम को सरपंच डोमा गुंजन साहू एवं जनपद सदस्य फागेश्वरी राजेश साहू ने भी संबोधित किया। मौके पर यादव समाज के संरक्षक कुंजलाल यादव, पूर्व सरपंच मोतीलाल नगारची, श्यामलाल साहू, राजेश साहू, सगुन राम, बलदूराम ठाकुर, मुकेश कुमार साहू, यशवंत कुमार साहू, शिवचरण कंवर, गौकरण साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## भारत को विश्व मंच पर स्थापित करने हर नागरिक की भागीदारी जरूरी : प्रीतेश

■ अमलीडीह, मड़ाईभाठा, बागतराई में गांव चलो-घर चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान गांव चलो- घर चलो अंतर्गत रांवा मंडल के अमलीडीह, मड़ाईभाठा, बागतराई में अभियान प्रभारी प्रीतेश गांधी के नेतृत्व में मंडल के कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छग ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारम्भ की गई योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पीएम मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें देश की विकास यात्रा में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करते हुए मोदी सरकार का कैलेंडर और योजनाओं का मैगजीन वितरित किया।

कार्यक्रम प्रभारी श्री गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए कहा कि भारत को विश्व मंच पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। गांवों का विकास ही देश के विकास की नींव है। यह विकास का महायज्ञ है, जिसमें हम सभी को अपनी आहुति देनी है। उन्होंने आगे हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के उत्थान हेतु निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर अमन राव मंडल अध्यक्ष राव, गोपाल साहू, मुरारी यदु पूर्व मंडल अध्यक्ष आमदी, नंदराम ध्रुव, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक अमित अग्रवाल, गुनेश्वर साहू, मन्नूलाल ध्रुव, पितेश ठंडन, महेश साहू, चंद्रेश कुमार चांद मड़ाईभाठा सरपंच, प्रभुराम साहू, तामेश्वर साहू, हीरा निषाद, महेशराम यदु, सहदेव राम ध्रुव, धर्मेन्द्र साहू, मनोज साहू, रमेश पाड़े, पूनाराम साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गोंडवाना समाज की बैठक में कई निर्णय लिए गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गोंड़वाना भवन धमतरी में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाने और रविवार को सर्व अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में समाज की शत- प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की गई। इसके अलावा बैठक में धरती आबा मितान योजना को धरातल पर उतारने के लिए समाज प्रमुखों द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसके तहत जिले के 186 गांवों में 3 से 4 प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। योजना का मकसद है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को लोगों तक शत प्रतिशत पहुंचाना है। इनमें तकरीबन 28 विभागों की सरकारी योजनाएं शामिल है।

बैठक में गोंड समाज के संरक्षक जीवराखन मरई, जिलाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, तहसील अध्यक्ष जयपाल ठाकुर, ठाकुर राम नेताम, ललित ठाकुर, नारायण नेताम, शिव नेताम, कुलेश्वर ध्रुव, कृष्णा ठाकुर, सोमनाथ मरई, राधेश्याम नेताम, ईश्वरी नेताम, चमेली नेताम, गीता नेताम, नंदा नेताम, शशि ध्रुव, श्यामलाल ध्रुव, सन्तोष ध्रुव, शिव प्रसाद कोर्राम, भीखम नेताम, अनीता ध्रुव, हर्ष मरकाम सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## डीपीएस स्कूल में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल में हनुमान प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ नितिन कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर की। छात्र-छात्राओं ने गीत और भजन गाकर यह उत्सव मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को राम भक्त हनुमान के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। उन्होंने बताया कि हनुमान अजर अमर है। उन्होंने शिव के 11 अवतार के रूप में माता अंजना की कोख से जन्म लिया और लोगों के संकट को दूर किया। हिंदू धर्म में हनुमान प्रकटोत्सव की विशेष मान्यता है।

इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों, प्राचार्य डॉ नितिन कुमार शर्मा एवं प्रबंधक शैलेश बाजपेई ने बच्चों के साथ बैठकर संगीत के साथ, संवत स्वर में सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्रीराम भजन के गीतों से बच्चे और शिक्षक झूम उठे। हनुमान जी को भोग लगाकर महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

## भाजपा कार्यकर्ता सदैव जनता के बीच कार्य करते हैं : उमेश



■ पूर्व मंडल अध्यक्ष उरपुटी में गांव चलो, घर चलो अभियान में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने डुबान के ग्राम उरपुटी पहुंचे जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर चल रहे गांव चलो, घर चलो अभियान में शामिल हुए।

उनके साथ कार्यक्रम संयोजक दिलीप नाग, सहसंयोजक देवनाथ पटेल, सरपंच शैलेश नाग, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री धर्मराज सिन्हा, रामकृष्ण दुग्गा, बीर सिंह सोरी, महेंद्र नेताम थे। उमेश साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अन्य राजनीतिक पार्टियों की जैसी नहीं है जो सिर्फ चुनाव के समय जनता के बीच जाकर वोट मांगती है और 5 साल शासन करती है।

भाजपा के कार्यकर्ता जीवन भर जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनते हैं और उनके विकास की चिंता करते हैं। गांव चलो, घर चलो अभियान के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाया जा रहा है। इस दौरान अस्वस्थ चल रहे पूर्व सरपंच कुंभज नेताम के घर जाकर कार्यकर्ताओं ने उन्हें सम्मानित किया और उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
15 अप्रैल दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
16 अप्रैल दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी), लकवा,
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
● रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
● घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
● कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें
समय : सुबह 10 से 3 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैक्ल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

सुयश हॉस्पिटल (NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
▸ किडनी फेलयर (ARF/CRF)
▸ डायलिसीस
▸ बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
▸ नेफ्रोटिक सिंड्रोम
▸ हाई बीपी (HIGH BP)
▸ PCNL
▸ AV FISTULA
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train- रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411